# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
## अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय
### 132ए, सिविल लाइन्स, इटावा
नियर पक्का तालाब चौराहा

फोन नं0 ☎ 05688–796776

E-mail ID-
eeetwupjnrural@gmail.com


पत्रांक 2411 / W-23 / 40 दिनांक : 18/06/26

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
इटावा।

विषयः– डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 16.06.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''टकरूपुर में हर घर जल योजना अधूरीः जल निगम ठेकेदार ने पानी की टंकी की नींव तक नहीं रखी'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 16.06.2026 को प्रकाशित ई–समाचार ''टकरूपुर में हर घर जल योजना अधूरीः जल निगम ठेकेदार ने पानी की टंकी की नींव तक नहीं रखी'' खबर प्रकाशित की आख्या मांगी गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड महेवा के ग्राम टकरूपुर पेयजल योजना की है। ग्राम टकरूपुर में जल जीवन मिशन(फेज–3) कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 किली०/22 मी० क्षमता का जलाशय प्रस्तावित है, वितरण प्रणाली के 12.593 किमी० के सापेक्ष 11.954 किमी० कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा पंप हाउस का कार्य पूर्ण, बाउण्ड्रीवाल की फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर, सोलर पैनल 20 किलो वाट प्रस्तावित है। योजना पर लगभग 1.5 वर्ष से धनाभाव के कारण कार्य वाधित है, धनावंटन उपरान्त अवशेष कार्यों को पूर्ण कर जलापूर्ति चालू कर दी जायेगी।

आख्या महोदय की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(के0के0 प्रजापति)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांकः– तदैव।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता